## महत्वपूर्ण एवं खास

### गणतंत्र दिवस के अवसर पर उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल करेंगे ध्वजारोहण

**शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में होगा जिला स्तरीय समारोह**

**रायगढ़।** उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल जिला मुख्यालय में आयोजित 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। जिला स्तरीय समारोह रायगढ़ के तहसील कार्यालय रायगढ़ के सामने स्थित शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में आयोजित होगा। उच्च शिक्षामंत्री पटेल प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। ध्वजारोहण के पश्चात मुख्य अतिथि को सलामी दी जायेगी। इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री के जनता के नाम संदेश का वाचन किया जाएगा। तत्पश्चात मार्च पास्ट एवं मुख्य अतिथि द्वारा परेड कमांडर्स से परिचय, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं झांकियों का प्रदर्शन होगा। कार्यक्रम के अंत में उच्च शिक्षा मंत्री पटेल जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रशस्ति एवं प्रमाण पत्र वितरित करेंगे।

### जिला स्तरीय रामायण मण्डली प्रतियोगिता एक फरवरी को

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार जनपद स्तर में विजेता रामायण मण्डली के मध्य जिला स्तरीय रामायण मण्डली प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा। जिसके तहत आगामी 1 फरवरी 2023 को पूर्वान्ह 11 बजे से सांस्कृतिक भवन (ऑडिटोरियम) पंजरी प्लाट, नगर निगम रायगढ़ में जिला स्तरीय रामायण मण्डली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### सारंगढ़ में विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े करेंगी ध्वजारोहण

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** विधायक सारंगढ़ एवं उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण उत्तरी गनपत जांगड़े नवगठित जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ मुख्यालय के खेलभांठा मैदान में आयोजित 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह की मुख्य अतिथि होंगी। विधायक जांगड़े प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण करेंगी। ध्वजारोहण के पश्चात मुख्य अतिथि को सलामी दी जायेगी। इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री के जनता के नाम संदेश का वाचन किया जाएगा। तत्पश्चात मार्च पास्ट एवं मुख्य अतिथि द्वारा परेड कमांडर्स से परिचय, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं झांकियों का प्रदर्शन होगा। कार्यक्रम के अंत में विधायक जांगड़े जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रशस्ति एवं प्रमाण पत्र वितरित करेंगी।

### पतंग उड़ाते समय छठवीं मंजिल से गिरने से बालक की हुई मौत

**जगदलपुर (आरएनएस)।** जिले के थाना कोतवाली अंतर्गत लालबाग हाउसिंग बोर्ड के एक मकान की छत में पतंग उड़ाते समय जतिन सराफ पुत्र राजू सराफ की छठवीं मंजिल से गिरने से मौत हो गई। डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर बच्चे के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वामी आत्मानंद विद्यालय के छठवीं कक्षा के होनहार छात्र जतिन सराफ पुत्र राजू सराफ की पतंग उड़ाते समय छठवीं मंजिल से गिरने से मौत हो गई। लालबाग स्थित हाउसिंग बोर्ड कालोनी की छत पर जतिन अपने दोस्तों के साथ पतंग उड़ा रहा था। तभी उसका पैर पानी निकासी के लिए बनाई गई जाली पर पड़ गया। लोहे की जाली की लंबे समय से मरम्मत नहीं हुई थी और जाली सड़ गई थी। पैर पड़ते ही जाली टूट गई और वह सीधे जमीन पर आ गिरा। उसे तत्काल ही उपचार के लिए अस्पताल ले गए लेकिन दो घंटे बाद उसने दम तोड़ दिया। डाक्टरों ने बताया उसे गंभीर चोट आई थी और मल्टीपल फ्रैक्चर के साथ अंदरूनी चोट आई थी।

# कोतवाली पुलिस के हाथ आया सक्रिय बाइक चोर, चोरी की 7 बाइक बरामद, ग्राहक तलाश करते पकड़ा गया

**❒ आरोपी ने शहर से 7 दुपहिया चोरी कर छुपा रखा था घर में**

रायगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के निर्देशन पर कोतवाली पुलिस द्वारा बाइक चोरी पर अंकुश लगाने की दिशा में बड़ी कार्यवाही करते हुए मुखबिर लगाकर शहर में सक्रिय एक शातिर चोर को पकड़ा गया है जो शहर के मार्केट एरिया में खड़ी दुपहिया वाहनों निगाह रखकर मौका पाते ही चोरी कर घर में छिपाकर रख रहा था। कोतवाली पुलिस ने आरोपी से 7 दुपहिया मोटरसाइकिल को जप्त किया गया है। विदित हो कि गत दिनों साइबर सेल, रायगढ़ की टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों से चोरी 52 दुपहिया और 1 कार चार आरोपियो बरामद किया गया था।





बढ़ते वाहन चोरी को देखते हुए एसएसपी अभिषेक मीणा द्वारा शहर के थाना प्रभारियों को सूचनातंत्र सक्रिय कर बाइक चोरों का पता लगाने का निर्देश दिया गया था। प्राप्त निर्देशों के तारतम्य में थाना प्रभारीगण एडिशनल एसपी संजय महादेवा तथा सीएसपी रायगढ़ अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर मुखबिर लगाकर बाइक चोरों का पता लगा रही थी। इसी बीच कोतवाली पुलिस को कल 24 जनवरी के शाम रेलवे स्टेशन के पास एक व्यक्ति स्कूटी बेचने के लिए ग्राहक तलाश करने की सूचना मुखबिर से मिली। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के निर्देशन पर तत्काल कोतवाली स्टाफ रेल्वे स्टेशन जाकर सौदा तय कर रहे संदेही व्यक्ति से पूछताछ किए जो अपना नाम रामलाल साहू, राजीव नगर जूटमिल का रहने वाला बताया जिससे पूछताछ करने पर काफी गोलमोल जवाब दिया, व्यक्ति पर संदेह पर उसे थाना लाया गया और कड़ाई से पूछताछ करने पर संदेही रामलाल साहू बताया कि पिछले करीब 1 माह से वह शहर के संजय कंपलेक्स, ओवर ब्रिज के नीचे, इतवारी बाजार, कोतरारोड सब्जी मार्केट के आसपास घूम कर मोटरसाइकिल/स्कूटी चोरी करने के लिए नजर रखता था और मौका देकर उन्हें चोरी कर घर में लाकर छुपा देता था। आरोपी के मेमोरेंडम पर (1) एक एक्टिवा लाल रंग (2) बजाज डिस्कवर काला सिल्वर कलर (3) सुपर स्प्लेंडर काला सिल्वर कलर (4) सुपर स्प्लेंडर काला सिल्वर कलर (5) हीरो होंडा सीबीजेड सिल्वर कलर (6) पैशन प्रो काला लाल कलर (7) स्कूटी सीजी 13 W-7470 बरामद किया गया है जिसकी कुल कीमत करीब 1,50,000 रूपये जप्त किया गया है। आरोपी के पास से जप्त स्कूटी सीजी 13 W-7470 ब्राउन कलर के चोरी के संबंध में सुरेश केडिया पिता गौरीशंकर केडिया निवासी रामनिवास टॉकीज रोड रायगढ़ द्वारा 20 जनवरी 2023 को थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि उनकी स्कूटी रामनिवास टॉकीज रोड के पास से 17 जनवरी को चोरी हो गई है, रिपोर्ट थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपी पर वाहन चोरी का अपराध दर्ज किया गया था। गिरफ्तार आरोपी - रामलाल साहू पिता गजपति साहू उम्र 40 साल निवासी कालिंदी कुंज के सामने राजीव नगर थाना जूटमिल जिला रायगढ़ को वाहन चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व में चोरी बाइक पतासाजी और बाइक बरामद की कार्रवाई में प्रधान आरक्षक नरेंद्र यादव, नंदू सारथी, विक्रम चौरसिया, आरक्षक जगमोहन लाल ओग्रे, उत्तम सारथी, सुशील मिंज, नितेश लकड़ा की सराहनीय भूमिका रही है।

## नाबालिग को भगा ले जाने वाला युवक गिरफ्तार, पोक्सो एक्ट में भेजा गया जेल

**रायगढ़।** घरघोड़ा पुलिस द्वारा पिछले माह बिना बताये घर से लापता हुई , बालिका को जशपुर में आरोपी भारत सारथी के कब्जे से बरामद कर दस्तयाब किया गया है। घरघोड़ा पुलिस बालिका के कथन, मुलाहिजा रिपोर्ट पर दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट की धारा विस्तारित कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।



बालिका के पिता ने 24 दिसंबर 2022 को थाना घरघोड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी लड़की दिनांक 14.12.2022 को घर से बिना बताए कहीं चली गई है, कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा नाबालिक को बहला फुसला कर कहीं ले जाने की आशंका व्यक्त किया जिस पर थाना घरघोड़ा में अपराध क्र. 524/2022 धारा 363 भादवि दर्ज कर नाबालिक बालिका एवं संदेही की पतसाजी की जा रही थी जो पतासाजी दौरान आज दिनांक 25/01/2023 को नाबालिक पीड़िता को थाना फरसाबहार जशपुर में आरोपी भारत सारथी के कब्जे से बरामद किया गया जो नाबालिक द्वारा बताया गया कि आरोपी भारत सारथी द्वारा इसे शादी करने का झांसा देकर बहला फुसला का भगा कर ले गया, वहां से अपने मामा गांव सिसरिंगा ले आया और रिस्तेदारों को पत्नी बताया। इस दौरान युवक द्वारा कई बार जबरन शारीरिक संबंध बनाया बताई है। पीड़िता के कथन, मुलाहिजा रिपोर्ट पर से प्रकरण में धारा 366, 376 आईपीसी एवं 4,6 POCSO ACT जोड़ कर आरोपी भारत सारथी पिता शिवप्रसाद 19 साल निवासी धरमजयगढ़ को दिनांक 25/01/23 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। कार्यवाही में TI हर्षवर्धन सिंह बैस, ASI रामसजीवन वर्मा, आर. पुरुषोत्तम सिदार, सुमित उराव, बीरबल भगत, आशिक पन्ना, म.आर. रश्मि तिर्की की प्रमुख भूमिका रही है।

## जमीन बटवारा विवाद : चाचा ने भतीजे को लकड़ी से मारा, गला घोंट कर किया भतीजे की हत्या

**❒ हत्या के अपराध में आरोपी को रैरूमा पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर**

**रायगढ़।** पुलिस चौकी रैरूमाखुर्द अंतर्गत सुगापारा में 20 जनवरी को गांव के सामारू मांझी (55 साल) ने जमीन बटवारा के विवाद पर अपने भतीजे सबल साय मांझी (35 साल) को लकड़ी का फाड़ी (लकड़ी का टुकड़ा) से मार कर चोट पहुंचाने के बाद प्लास्टिक रस्सी से गला घोंट कर दिया था। मामले में रैरूमा पुलिस हत्या का अपराध दर्ज कर आरोपी को आज गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



22 जनवरी की रात चौकी प्रभारी रैरूमाखुर्द सहायक उप निरीक्षक अमृत मिंज को ग्राम रैरूमाखुर्द सुगापारा में हत्या की सूचना मिला। चौकी प्रभारी अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। जहां रूगबुगी मांझी पति स्व. नान्हु राम मांझी (उम्र 65) के घर पर उसके लड़के सबल साय मांझी 35 साल का शव पड़ा मिला। श्रीमति रूगबुगी बाई बताई कि पति के मृत्यु होने के बाद अपने लडका सबल साय मांझी, बहु और अपने दो नाती के साथ रहती है। दिनांक 20.01.2023 के सबुह ग्राम तिलडेगा गई थी। घर में बेटा, बहु एवं दोनों नाती लोग थे। दिनांक 22.01.2023 के करीब 2.00 बजे मोबाइल में सूचना मिला लडका सबल साय माझी को उसका चाचा समारू मांझी के द्वारा जमीन बंटवारा की बात को लेकर लकडी के फाडी से मारपीट कर हत्या कर दिया है। तब गांव आकर देखे, घर आंगन दरवाजा के पास खुन गिरा पडा था तथा घर अंदर लडका सबल साय मांझी मृत हालत में बरामदा में पडा हुआ था, रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर पंचनामा कार्यवाही बाद कल आरोपी समारू मांझी पर हत्या का अपराध दर्ज किया गया।

आज फरार आरोपी की पतासाजी में सुगापारा पुलिस टीम दबिश दी आरोपी समारू मांझी S/o स्व. पचासु मांझी उम्र 55 साल ग्राम रैरूमाखुर्द सुगापारा घर में छिपा हुआ था, जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ में जमीन विवाद पर अपने भतीजे सबल साय को लकड़ी के फाड़ी से मारना जिससे सबल मूर्छित होने पर उसका प्लास्टिक की रस्सी से गला घोंटकर हत्या करना बताया। आरोपी के मेमोरंडम पर घटना में प्रयुक्त लकड़ी का फाड़ी, प्लास्टिक रस्सी और घटना समय पहने आरोपी के कपड़े बरामद किया गया है , जिसे चौकी प्रभारी रैरूमाखुर्द द्वारा विधिवत गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर आरोपी पतासाजी, गिरफ्तार में चौकी प्रभारी अमृत मिंज, प्रधान आरक्षक अनूप तिग्गा, आरक्षक अलेखसियुस एक्का, हेमलाल बरेठ की अहम भूमिका रही है।

## झगड़ा-विवाद में बीच बचाव करने आए महिला के पति पर धारदार हथियार से हमला, मारपीट की घटना में अधेड़ व्यक्ति की मौत, महिला घायल

**❒ कोतरा रोड पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज कर दोनों आरोपियों को लिया हिरासत में**

**रायगढ़।** थाना कोतरारोड अंतर्गत खैरपुर जमनीपारा में मामूली बातों में उपजे विवाद में झगड़ा-मारपीट के बीच आरोपी ने सब्जी काटने वाले चाकू से महिला पर हमला कर दिया बीच बचाव करने आये महिला के पति को भी आरोपी ने चाकू से पेट पर चोट पहुंचाकर हत्या कर दिया। मामले में कोतरारोड़ पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया है जिन पर हत्या और हत्या के प्रयास की धाराओं के तहत कार्यवाही कर जा रही है।



कल रात्रि थाना प्रभारी कोतरारोड़ उप निरीक्षक गिरधारी साव को ग्राम खैरपुर में मारपीट की घटना की सूचना मिला। तत्काल थाना प्रभारी अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। घटना के संबंध में मौके पर मुन्ना कुमार स्व0 रघुनंदन राम उम्र 19 वर्ष मूलत: बिहार ग्राम किशुनविधा जिला औरंगाबाद बताया कि पिछले एक साल से उसका जीजा छोटन राम (मृतक) के साथ खैरपुर जमनीपारा में रहकर सेल्फ मिस्त्री का काम करता है। जीजा छोटन ने खैरपुर जमनीपारा निवासी कार्तिक राम तुरी से जमीन खरीद कर नया मकान बनाये है जिसका 26 जनवरी 2023 को गृह प्रवेश कार्यक्रम रखे थे। दिनांक 24.01.2023 को नये मकान मे लाईट बिजली और गली का मरम्मत का काम करवा रहे थे। रात्रि लगभग 08:10 बजे मोहल्ले का रहने वाला ड्रायवर देवव्रत मोटर सायकल से गली में आया जिसे दीदी लालती देवी (घायल) बोली कि अभी गली का मरम्मत कराये है उसमें मोटर सायकल क्यों चला दिये। तब देवव्रत दीदी एवं जीजा से लडाई झगडा करने लगा और वहां से चला गया। कुछ देर बाद देवव्रत अपने साथ कार्तिक राम तुरी को लेकर आया। कार्तिक राम ने दीदी जीजा को रास्ता में क्यों आने- जाने नहीं दोगे कहते हुए हाथ में पीछे छुपाकर रखे सब्जी काटने के लोहे की छुरी को निकाल कर लालती देवी की हत्या करने की नियत से पेट में वार किया। जीजा छोटन (45 साल) बीच बचाव करने लगा तो उसे भी कार्तिक राम उसी छुरी (चाकू) से पेट पर वार कर दिया। मारपीट के बीच आसपास के लोग बीच-बचाव किये। दोनों आहतों को एम्बुलेंस में रायगढ़ मेडिकल कालेज लेकर गये। जहां डाक्टर छोटन राम का फौत हो जाना बताया, लालती देवी अस्पताल में भर्ती है।

मामले में थाना प्रभारी कोतरारोड़ उप निरीक्षक गिरधारी साव द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा के दिशा निर्देशन पर मामले में आरोपियों के विरुद्ध हत्या तथा आत्महत्या का अपराध दर्ज कर सुपरविजन अधिकारी निकिता तिवारी के मार्गदर्शन पर दोनों आरोपी- कार्तिक राम तुर्री पिता सुधूराम 56 साल निवासी सीतापुर खैरपुर (2) देवव्रत कुमार सिंहा पिता परशुराम प्रसाद 29 साल निवासी कंचनपुर औरंगाबाद हॉल खैरपुर को अप.क्र. 42/2023 धारा 302, 307, 34 आईपीसी में हिरासत में लेकर थाना लाया गया है। आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी कोतरारोड़ उप निरीक्षक गिरधारी साव के साथ सहायक उपनिरीक्षक राजेंद्र राठौर, सहायक उपनिरीक्षक राजेंद्र पटेल, सहायक उपनिरीक्षक कमल सिंह राजपूत , प्रधान आरक्षक करूणेश राय तथा हमराह आरक्षक तरुण महिलाने, मनोज जोल्हे की प्रमुख भूमिका रही है।

## सब नेशनल टीबी सर्टिफिकेशन सर्वे हेतु कार्यशाला आयोजित



**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायगढ़ डॉ. मधुलिका सिंह ठाकुर, डॉ.जयकुमारी चौधरी, जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी रायगढ़ एवं सुश्री रंजना पैकरा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, एनएचएम जिला रायगढ़ के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सेंट्रल टीबी डिविजन नई दिल्ली द्वारा रायगढ़ जिले को ब्रान्ज मेडल हेतु चयन किया गया है जिसके अंतर्गत Sub-National Certification Survey रायगढ़ जिला में 26 जनवरी से प्रारंभ किया जाना है। जिस हेतु 01 दिवसीय कार्यशाला 25 जनवरी 2023 को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मधुलिका सिंह ठाकुर के द्वारा सर्वे हेतु चयनित टीबी वॉलिंटियर को सर्वे किट प्रदाय किया गया एवं हरी झंडी दिखाकर सर्वे हेतु रवाना किया गया। उक्त कार्यशाला में समस्त नोडल अधिकारी एवं समस्त एनटीईपी स्टॉफ/एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## निकरा परियोजना अंतर्गत ड्रोन तकनीक से छिड़काव का जिले में पहला सफल प्रदर्शन

**रायगढ़।** निकरा परियोजना अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र, रायगढ़ द्वारा निकरा गोद-ग्राम जुनवानी विकासखंड, रायगढ़ के प्रगतिशील कृषकों, कृषि महाविद्यालयों एवं कृषि विद्यालय के लगभग 150 छात्र-छात्राओं को जिले में पहली बार कृषि रसायनों को ड्रोन के माध्यम से जीवंत प्रदर्षित किया गया। यह कार्यक्रम सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता की डॉ.ए.के.सिंह अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय ने की।

सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा जिले में कृषि में नए नवाचार एवं स्टार्टअप के लिए बहुत प्रयासरत है उन्होंने कहा की कृषि विज्ञान केंद्र, रायगढ़ का यह बहुत ही अच्छा प्रयास है जिन्होंने चेन्नई के तकनीशियन से सम्पर्क स्थापित करके जिले में पहला सफल प्रदर्शन करवाया। अधिष्ठाता डॉ सिंह ने कहा की ड्रोन तकनीक से खेती का काम समय एवं अधिक वैज्ञानिक ढंग से संपन्न करने में मदद मिलेगी। केंद्र के प्रमुख इं.आर.के.स्वर्णकार ने कहा की आज के समय के मांग के अनुसार ड्रोन तकनीक की उपयोगिता और बढ़ेगी तथा इसमें किसानो का समय और खर्च दोनों बचेगा। निकरा परियोजना के उप अन्वेषक खेमा दास महंत ने बताया की यह एक मौसम आधारित तकनीक है जिसको बढ़ावा देने की दिशा में ड्रोन बहुत ही अच्छा विकल्प है जिसमे एक घंटे में 7-8 एकड खेत में छिडकाव किया जा सकता है एवं साथ ही पानी की मात्रा भी कम लगती है लगभग एक एकड में 15-16 लीटर की ही आवश्कता होगी। अत: यह बड़े खेत एवं किसानो के लिए यह बहुत ही उपयोगी होगा। निकरा परियोजना के एस.आर.एफ.श्री मनोज साहू ने कहा की ड्रोन तकनीक से दवा छिडकाव की तीव्रता भी बढ़ेगी एवं अधिक परिणाम कारगर साबित होगा। ड्रोन तकनीक में इफको द्वारा प्रायोजित नैनो यूरिया का छिड़काव किया गया। जिसे जिला प्रबधंक भूपेंद्र पाटीदार ने उपलब्ध कराया। जिले में पहली बार इस नवीन तकनीक ड्रोन के सफल प्रदर्शन में केंद्र के वैज्ञानिकों जिनमें डॉ मनीषा चौधरी, डॉ पैकरा, डॉ बंजारा, डॉ सोलंकी, डॉ.सविता, डॉ.पटेल, आशुतोष एवं केंद्र के समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

## स्कूली बच्चों ने रंगोली के माध्यम से दिया मतदान जागरूकता का संदेश

**❒ जिम्मेदार नागरिक बने, मताधिकार का उपयोग करें-डॉ.ललित प्रकाश पटैरिया**

**रायगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आज जिला निर्वाचन द्वारा सृजन सभाकक्ष में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। जिसमें युवा से लेकर स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान तकरीबन दस स्कूलों के बच्चों ने विभिन्न खूबसूरत रंगोली के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.ललित प्रकाश पटैरिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 13 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस है, हमारे चुनाव आयोग द्वारा आज तक ना जानें कितने ही सफलतापूर्वक चुनाव करवाया जा चुका है, जो कि काफी चुनौतीपूर्ण कार्य है। आप जिम्मेदार एवं निर्भीक होकर मतदान करे और अपने मत का सही उपयोग करें, यही लोकतंत्र है। अपने लिए अपना शासन व्यवस्था चुने, जो आपकी समस्याओ को दूर करें। जिसके लिए जिम्मेदारी पूर्वक मताधिकार का उपयोग करें और अच्छे नागरिक बने। उन्होंने नए वोटरों को लोकतंत्र का हिस्सा बनने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों से चुनाव के संबंध में किसी प्रकार की आवश्यकता होगी, उनके अध्यापक एवं विद्याथियों का सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों एवं अधिकारियों को मतदान करने हेतु शपथ दिलाई। इस मौके पर 18 वर्ष पूर्ण करने वाले नये वोटरों को इपिक कार्ड प्रदान किया गया। इसके साथ ही प्राध्यापक नोडल, बीएलओ, मास्टर ट्रेनर्स तथा कैंपस अंबेसडर को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने बस्तर में पदस्थापना के दौरान संपन्न हुए चुनाव प्रक्रिया के अनुभव को साझा करते हुए बताया कि बस्तर जैसे सुदूर क्षेत्रों में मतदान संचालित करना एवं मतदान दल को सुदूर अंचल में भेजना बहुत कठिन कार्य होने के बाद भी मतदान दल पीछे नहीं हटते। उन्होंने बताया कि वहां तीन लोग अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए छोटी सी नाव के माध्यम से इंद्रावती नदी पार करके वोट करने आए थे। इसी प्रकार सभी लोग अपने बहुमूल्य मत का महत्व समझे और मतदान अवश्य करें। अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय ने निर्वाचन के संबंध में प्रकाश डालते हुए बताया कि जिले में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है, वही जिले में रजिस्ट्रेशन के लिए 96 प्रतिशत से अधिक ऑनलाइन आवेदन आए है। जो जिले के लिए सकारात्मक परिणाम है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर डी.आर.रात्रे ने आभार व्यक्त करते हुए सभी को अनिवार्य रुप से मतदान के लिए आग्रह किया। इस मौके पर आयुक्त नगर निगम संबित मिश्रा, एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टी.के.जाटवर, जिला अल्प बचत अधिकारी जे.आर.जांगड़े सहित विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480